May, 2020

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी (द्वितीय भाषा)

कविता - दीवानों की हस्ती

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न - अभ्यास

कविता से:

प्रश्न 1. कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू' बनकर बह जाना क्यों कहाहै?
उत्तर - कवि ने अपने आने को 'उल्लास' इसलिए कहा है क्योंकि जब वे अपने सगे-सम्बंधी,बंधु-बांधवों से मिलते हैं तो सभी में प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है | सभी चेहरे खुशी से हरे हो जाते हैं | उनके दिलों की कलियाँ खिल उठती हैं | जब वे अचानक जाने की बात कहते हैं तो भी खुशी आँसुओं का रूप धारण व्हह्ल्क उठती है | वे उनके जाने का दुःख सहन नहीं कर पाते | उनका लक्ष्य एक स्थान पर रुकने का नहीं है | उन्हें तो अपने चुने हुए मार्ग पर बढ़ते ही जाना है |

प्रश्न 2. भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का निशान भार की तरह लेकर जा रहा है ? क्या वह निराश है या प्रसन्न है ?
उत्तर - भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटाने वाला कवि ऐसा इसलिए कहता है क्योंकि यह दुनिया केवल लेना जानती है देना नहीं | कवि ने इस दुनिया के लोगोंके प्रति स्वच्छंद रूप में प्रेम लुटाया है | उनके हृदय पर असफलता का एक निशान यह कि देश की स्वतंत्रता के लिए अथक प्रयास करने पर भी सफलता नहीं मिली |

इस पंक्ति से लगता है कि कवि अपनी असफलता से व्यथित जरूर है परंतु निराश नहीं है | यदि वह निराश होता तो आगे संघर्ष करने की बात नहीं करता | साथ में प्रसन्नता उसे इस बात की है कि उसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयत्न किया |

प्रश्न 3. कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी ?
उत्तर - कविता में हमें सबसे अच्छी दीवानों की मस्ती या दीवानगी वाली बात अच्छी लगी |वे सुख-दुःख ,हार-जीत आदि संवेदनाओं ऊपर उठे हुए हैं | उन्हें किसी की परवाह नहीं है | उनका लक्ष्य देश की आजादी पाना है | वे सभी को एक नजर से देखते हैं |

भाषा की बात:

प्रश्न 1. संतुष्टि के लिए कवि ने 'छककर' ' जी भरकर' और 'खुलकर' जैसे शब्दों का प्रयोग किया है | इसी भाव को व्यक्त करने वाले कुछ और शब्द सोचकर लिखिए | जैसे - हँसकर , गाकर

उत्तर - खाकर , पढकर , लिखकर , नहाकर , पेट भरकर , लुटाकर , उडाकर आदि |

May, 2020

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी (द्वितीय भाषा)

कविता - दीवानों की हस्ती

अभ्यास - कार्य - 2 (WORK SHEET NO. 2)

[अति लघु उत्तरीय प्रश्न]

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) 'दीवानों की हस्ती' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(ख) कवि ने दीवाने किसे कहा है ?

(ग) दीवानों के साथ-साथ का चलता है ?

(घ) कवि ने संसार को कैसा माना है ?

(ङ) वीर पुरुष को क्या देना चाहता है ?

बहुविकल्पी प्रश्न (M C Q)

नोट - सही विकल्प चुनकर सही का निशान लगाइए -

प्रश्न 1. बलिदानी वीर संसार से कैसा सम्बंध रखते हैं ?

(क) समान भाव (ख) ईर्ष्या का भाव

(ग) मैत्री का भाव (घ) कैसा भाव भी नहीं

प्रश्न 2. बलिदानी वीरों के मन में बली होने की चाहत किसके लिए है ?

(क) राज्य के लिए (ख) परिवार के लिए

(ग) देश के लिए (घ) अपने - आप के लिए

प्रश्न 3. वीरों के हृदय में कैसी असफलता के निशान हैं ?

(क) देश को आजादी न दिला पाने की |

(ख) ब्रिटिश हुकुमत से मुकाबला न कर पाने की |

(ग) सगे-सम्बंधियों के साथ न रहने की |

(घ) इनमें से कोई भी नहीं |

प्रश्न 4. 'दीवाने' शब्द से किनके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) देश पर मर मिटने वालों के लिए

(ख) सगे - सम्बंधियों से प्रेम करने वालों के लिए

(ग) सामान्य सैनिकों के लिए

(घ) इनमें से किसी के लिए भी नहीं

प्रश्न 5. असफलता शब्द में उपसर्ग है -

(क) ता (ख) अ (ग) सफल (घ) नहीं है